
हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 22 फरवरी 2026

06 स्कूल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा चिन्हित...



09 करीला में 20 लाख लोगों की सुरक्षा दृष्टि से डेढ़ हजार जवान तैनात...





## समाचार संक्षेप

### स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित




**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल जिला गुना के निर्देशानुसार माह के तीसरे शनिवार को स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में एएनएम, आंगनबाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ताओं द्वारा कुपोषण, मातृ-शिशु मृत्यु दर, एनीमिया, गर्भवती पंजीयन, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, टी.बी. उन्मूलन आदि बिन्दुओं में एकरूपता एवं रोकथाम किये जाने पर चर्चा की गई बैठक में दोनों विभागों के मैदानी अमलों के द्वारा गर्भवती/धात्री माता पंजीयन/ टीकाकरण/स्वास्थ्य जांच/कुपोषण निवारण आदि बिन्दु के आंकड़ों का मिलान एवं सत्यापन का कार्य किया गया।

### क्षत्रिय खंगार समाज की राष्ट्रीय टीम की पहली बैठक आज

**गुना।** क्षत्रिय खंगार समाज की मिनी महा अधिवेशन खंगार जूनागढ़ राष्ट्रीय टीम की पहली बैठक रविवार को गुना की पावन धरा पर होने जा रही है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता, सद्भाव, समाज के उत्थान और स्वाभिमान की रक्षा, इतिहास में समाज का अभूतपूर्व योगदान बलिदान के साथ साथ समाज के इतिहास से जुड़ी पुस्तक विमोचन के कार्यक्रम पर समाज बंधुओं द्वारा प्रकाश डाला जाएगा एवं खंगार क्षत्रिय समाज के इतिहास से जुड़ी पुस्तक विमोचन के बारे में जानकारी साझा की जाएगी।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय क्षत्रिय खंगार समाज के समाज बंधु देश भर से शामिल हो रहे है । पत्रकार बंधुओं के लिए प्रेस वार्ता कल रविवारमें दोपहर 2.30 बजे टेकरी सरकार मेला ग्राउंड धर्मशाला क्रमांक 5 में रखी गई है।

### वरिष्ठ शिक्षक बद्री प्रसाद शर्मा के निधन पर सामाजिक-धार्मिक संगठनों ने श्रद्धांजलि दी

**गुना।** सर्व ब्राह्मण उत्थान समिति के प्रदेश सचिव एवं विश्व गीता प्रतिष्ठान के प्रचार प्रमुख पंडित मनोज शर्मा के पिताजी, वरिष्ठ शिक्षक स्वर्गीय बद्री प्रसाद शर्मा (श्री दुर्गा टॉकीज वालों) का बीते सोमवार को निधन हो गया है।उनके निधन



का समाचार मिलते ही सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों, शिक्षकों तथा गणमान्य नागरिकों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। स्वर्गीय शर्मा अपने सरल स्वभाव, अनुशासित जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक दिए गए योगदान के लिए जाने जाते थे। उन्होंने शिक्षक के रूप में अनेक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के सदस्यों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। 85 वर्षीय श्री शर्मा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।परिजनों एवं शुभचिंतकों ने बताया कि अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में श्रद्धापूर्वक संपन्न किया गया था, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नई वोटर लिस्ट जारी, जिले में अब 9.09 लाख मतदाता

**गुना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। अब जिले में कुल 9,09,016 मतदाता दर्ज हैं। पुनरीक्षण के दौरान 16,934 नए मतदाता जुड़े, जबकि 62,845 नाम विलोपित किए गए। जिले में 18-19 वर्ष के 13,092 युवा मतदाता शामिल हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल ने राजनीतिक दलों को सूची की प्रतियां सौंपते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की।मतदाता सूची संबंधित मतदान केंद्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला गुना की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इस बारे में कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि सुबह 10 बजे वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन हुआ है।

# एसडीएम व तहसीलदार ने वार्षिक परीक्षाओं का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार द्वारा क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने सेंट जॉर्ज स्कूल, आरोन एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आरोन में संचालित हो रही वार्षिक परीक्षाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### निरीक्षण के मुख्य बिंदु

**परीक्षा की शुचिता:** अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर पहुँचकर यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा पूरी तरह नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है।

**व्यवस्थाओं का अवलोकन:** केंद्रों पर बैठक व्यवस्था, पेयजल और प्रकाश की उपलब्धता का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

**नियमों का पालन:** अधिकारियों ने केंद्र अध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान शासन द्वारा निर्धारित



सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान परीक्षा हॉल में अनुशासन बेहतर पाया गया। अनुविभागीय अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को एकाग्रता के साथ परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया और विद्यालय स्टाफ को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

## बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र गुना में डीजे पर सख्ती, बजरंगगढ़ थाना परिसर में डीजे संचालकों की बैठक, उल्लंघन पर जब्ती व वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी

गुना,। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शांतिपूर्ण व अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए गुना पुलिस ने जिले में डीजे और उच्च क्षमता वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर सख्ती बढ़ा दी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। ध्वनि प्रदूषण से विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा संचालन प्रभावित न हो, इसके लिए यह कदम उठाया गया है।पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा थाना परिसर में डीजे संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में दिए गए प्रमुख निर्देशरात्रि 10:00 बजे से प्रातः 8:00 बजे तक लाउडस्पीकर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का सार्वजनिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।मोबाइल डीजे, जुलूस, शोभायात्रा, सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।डीजे का उपयोग केवल विधिवत अनुमति प्राप्त मैरिज गार्डन या कवर्ड परिसर में, निर्धारित डेसीबल सीमा एवं तय समयावधि में ही किया जा सकेगा। यह प्रतिबंध विवाह समारोह, जुलूस, शोभायात्रा, त्यौहार सहित सभी आयोजनों पर समान रूप से लागू रहेगा।उल्लंघन की स्थिति में डीजे सिस्टम, ध्वनि यंत्र, जनरेटर व संबंधित वाहन तत्काल जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी; आवश्यक होने पर स्थल को सील भी किया जा सकेगा।मोटरयान अधिनियम के विपरीत संशोधित डीजे वाहनों पर पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा पृथक कार्रवाई की जाएगी।उल्लंघन की दशा में आयोजक, स्थल स्वामी और डीजे संचालक संयुक्त रूप से जिम्मेदार होंगे।प्रतिबंध अवधि में डीजे हेतु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने वालों पर भी विधिसम्मत कार्रवाई होगी।मैरिज गार्डन एवं डीजे संचालकों को मान्यता प्राप्त ध्वनि मापन यंत्र/एप के माध्यम से ध्वनि स्तर की स्व-परीक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।पुनरावृत्ति पर संबंधित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए मैरिज गार्डन की अनुमति निरस्त की जा सकेगी।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड परीक्षाओं की अवधि में विद्यार्थियों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दुकानदारों का अतिक्रमण व सड़क किनारे बेतरतीब वाहन खड़े रहते


# दुर्घटनाओं की असली वजह सड़कों पर बैठे आवारा मवेशी





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर प्रशासन लगातार सक्रिय दिखाई दे रहा है, कलेक्टर, एसपी ने साझा दौरा किया और जायजा लिया है।शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ब्लैक स्पॉट्स की पहचान, सड़क चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था मजबूत करने और विजिबिलिटी सुधारने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशासन द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ सघन अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि सड़क हादसों पर नियंत्रण पाया जा सके।निरीक्षण के दौरान महिंद्रा शोरूम के सामने ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। कुशमोदा चौकी क्षेत्र में शासकीय भूमि का सीमांकन कराने को कहा गया, वहीं मारुति शोरूम के सामने दृश्यता प्रभावित कर रहे होर्डिंग हटाने के आदेश जारी हुए। कान्हा





धर्मकांटा और इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकता भी अधिकारियों ने बताई।लेकिन जमीनी हालात बता रहे हैं कि हादसों के पीछे सिर्फ तेज रफ्तार या ड्रिंक एंड ड्राइव या ब्लैक स्पॉट ही जिम्मेदार नहीं हैं। सड़कों पर बैठे आवारा मवेशी, दुकानदारों का अतिक्रमण और सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन मिलकर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं।शहर के प्रमुख मार्गों पर देर रात और सुबह के समय आवारा मवेशियों के झुंड सड़क के बीच बैठे नजर आते हैं। अंधेरे में ये दिखाई नहीं देते और अचानक सामने आने से दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा हादसों का शिकार हो रहे हैं।वहीं दूसरी ओर, कई बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों ने अपनी दुकानों का सामान सड़क तक फैला रखा है। ठेले, अस्थायी दुकानें और फुटपाथ पर कब्जे के कारण सड़कें संकरी हो गई हैं, जिससे वाहनों की आवाजाही जोखिम भरी हो जाती है।स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं सड़क पर खड़े रहने वाले वाहन।

कई जगह कार, ऑटो और लोडिंग वाहन घंटों सड़क किनारे या आधी सड़क घेरकर खड़े रहते हैं। इससे ट्रैफिक अचानक धीमा होता है और पीछे से आने वाले वाहन टकरा जाते हैं। व्यस्त मार्गों पर यह समस्या रोजाना जाम और दुर्घटनाओं की वजह बन रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक इन तीनों समस्याओं — आवारा मवेशी, अतिक्रमण और अवैध पार्किंग — पर एक साथ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक सड़क सुरक्षा अभियान अधूरा ही रहेगा।नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका नियमित कैटल कैचिंग अभियान चलाए, अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज किया जाए और नो-पार्किंग क्षेत्रों में सख्ती से चालानी कार्रवाई हो। सड़क हादसे केवल नियम तोड़ने से नहीं, बल्कि अव्यवस्थित सड़कों से भी होते हैं। अगर प्रशासन वास्तव में दुर्घटनाएं कम करना चाहता है तो सड़कों को मवेशियों, अतिक्रमण और अवैध रूप से खड़े वाहनों से मुक्त करना ही सबसे बड़ा समाधान होगा।



## अभिमन्यु–सृजन–सम्मान अभियान बना विद्यार्थियों में सामाजिक बदलाव का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में जनवरी 2026 से एकीकृत जागरूकता अभियान "अभिमन्यु–सृजन–सम्मान" संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के साथ युवाओं और विद्यार्थियों को जागरूक, संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना है।इसी क्रम में शनिवार को बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार पुलिस मित्र दल के विशेष पचौरी के साथ द प्रिंस एकेडमी स्कूल, बजरंगगढ़ पहुँचे और छात्र-छात्राओं के बीच "मैं हूं अभिमन्यु" अभियान के तहत संवाद स्थापित किया।

आठ सामाजिक 'चक्रों' पर विशेष चर्चाथाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को समाज में व्याप्त आठ प्रमुख कुरीतियों—लिंग भेद, भ्रूण हत्या, अशिक्षा व असंवेदनशीलता, अश्लीलता, रूढ़िवादिता, दहेज प्रथा, नशा आदि—के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा इन कुरीतियों को तोड़ने के लिए प्रेरित किया।साथ ही छात्रों को भारतीय न्याय संहिता 2023, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम एवं संवैधानिक अधिकारों की सरल, व्यवहारिक और प्रभावी जानकारी दी गई।विद्यार्थियों ने दिखाई जागरूकता सत्र के दौरान कानूनों और अधिकारों से जुड़े प्रश्न पूछे जाने पर विद्यार्थियों ने निडरता और आत्मविश्वास के साथ सटीक उत्तर दिए। एक छात्रा द्वारा पुलिस भर्ती प्रक्रिया के संबंध में जानकारी चाहने पर थाना प्रभारी ने विस्तार से मार्गदर्शन दिया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। छोटे बच्चों में पुलिस के प्रति व्याप्त भय को दूर करने के लिए उन्हें पास बुलाकर आत्मीय संवाद भी किया गया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार भार्गव एवं स्टाफ ने इस अभियान की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के मार्गदर्शन में चल रहे प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।गुना पुलिस ने स्पष्ट किया कि भविष्य की पीढ़ी को सशक्त, सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## आदिवासी लोकगीत और सत्संग की अनोखी प्रतियोगिता, 7 टीमों ने लिया भाग

गुना। एकल अभियान द्वारा आयोजित सत्संग प्रतियोगिता ग्रामीण और जनजाति क्षेत्रों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और भक्ति गीतों को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकार और आदिवासी भजन मंडलियां ने पारंपरिक वेशभूषा के साथ बड़े उत्साह से भाग लिया। यह अभियान संस्कार शिक्षा के अंतर्गत ग्रामों में सामाजिक और सांस्कृतिक जनजागरण का काम करेगीः उक्त बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह अशोक अग्रवाल ने कही। इससे पूर्व संभाग स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एकल अभियान पी सेवन प्रभाग जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली एवं श्री हरिकथा संभाग अध्यक्ष घनश्याम रघुवंशी ने समिति सदस्यों के साथ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का विधिवत आरंभ कराया। जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया कि धर्म और संस्कारों को बढ़ावा देने एकल अभियान ने अनोखी पहल करते हुए श्री हरि संस्कार शिक्षा मध्य भारत प्रांत की संभाग स्तरीय सत्संग प्रतियोगिताओ का आयोजन शुक्रवार को गोपाल मंदिर गुना में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में खंडवा, खरगोन, रतलाम, बरेली, शिवपुरी, डबरा ओर गुना सहित सात सत्संग मंडलियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल सुरेश बाबू शर्मा, डॉ बसुंधरा भार्गव एवं रेणु अग्रवाल द्वारा अपना निर्णय दिया जिसमें खंडवा की भजन मंडली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर बरेली रही ओर तीसरा स्थान खरगोन को प्राप्त हुआ जिनको मंचासीन अतिथियों ने श्री रामचरित मानस का ग्रंथ एवं प्रमाणपत्र भेंट कर तीनों भजन मंडलियों को सम्मानित किया गया। विकास जैन ने कहा कि यह विजेता टीमें 2 से 5 अप्रैल 2026 को अधोध्या में आयोजित एकल की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना प्रतिनिधित्व कर अपने संच ओर गांव का नाम रोशन करेगी। श्री जैन ने कहा कि यह प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्राम, उपसंच, संच, अंचल और संभाग स्तर से सिलेक्ट होकर इन भजन मंडलियों को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करना और संस्कार शिक्षा को सुदृढ़ करना हे। इस अवसर पर कार्यक्रम में पालक प्रतिनिधि पी सेवन राधेश्याम यादव, प्रभाग व्यास अजय यादव, संभाग व्यास संजय शरण, भाग महिला अध्यक्ष आशा रघुवंशी, श्रीहरि कथा संभाग सचिव महेश सिंगल, संभाग श्री हरिकथा कार्यालय प्रमुख पप्पू सिंह नायक, भाग महिला सचिव चेतना सोलंकी, अंचल अध्यक्ष मनीष भार्गव, अंचल महिला अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, सचिव रेनू जैन, भाग कार्यालय प्रमुख विजय सिंह, अंचल अभियान प्रमुख अर्जुन सिंह भील,अंचल व्यास सोनू बंजारा सहित एकल कार्यकर्ताओ विशेष उपस्थिति रही।

## एंबुलेंस नहीं, इलाज भी नहीं शासकीय अस्पताल से भरोसा टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के म्याना शासकीय अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं ने एक बार फिर सरकारी स्वास्थ्य सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। टकनेरा निवासी मीना बाई कुशवाह को शनिवार सुबह अचानक घबराहट और तेज बेचैनी हुई, जिसके बाद परिजन तत्काल उन्हें म्याना शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया गया कि अस्पताल पहुंचते-पहुंचते ही मीना बाई की हालत और बिगड़ गई और वे बेहोश हो गईं।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में न तो समय पर इलाज मिला और न ही गंभीर हालत में मरीज को गुना ले जाने के लिए एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई।परिजनों के अनुसार अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने मरीज की हालत देखकर गुना रेफर करने की बात कही, लेकिन एम्बुलेंस बुलाने के नाम पर केवल इंतजार कराया गया। सुबह करीब 7 बजे अस्पताल पहुंचने के बाद परिजन लगातार एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे, लेकिन तीन से चार घंटे बीत जाने के बावजूद एम्बुलेंस नहीं पहुंची। इस दौरान मीना बाई की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और वे पूरी तरह बेहोशी की हालत में चली गईं। परिजन लखन लाल ने बताया कि अस्पताल में उस समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। केवल एक नर्स और एक कंपाउंडर थे। जब उन्होंने बार-बार एम्बुलेंस के बारे में पूछा तो जवाब मिला कि यहां गाड़ी नहीं है, गुना से मंगवानी पड़ेगी। इसी बीच परिजनों ने बीएमओ शिल्पा टांटिया से संपर्क करने की कोशिश की। आरोप है कि उन्हें एक दर्जन से ज्यादा बार फोन किया गया, लेकिन बीएमओ ने एक भी कॉल रिसीव नहीं किया। यहां तक कि बमोरी विधायक ऋषि भैया से संपर्क कर बीएमओ का नंबर मिलने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला।

अंततः मजबूरी में परिजन मीना बाई को एक निजी वाहन से गुना के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पतालों की अव्यवस्था के चलते वे जिला अस्पताल भी नहीं गए, क्योंकि वहां भी इसी तरह की स्थिति बनी रहती है। उनका कहना है कि म्याना ही नहीं, गुना जिले के सरकारी अस्पतालों में एम्बुलेंस और इलाज की व्यवस्था लगातार फेल हो रही है और इसी लापरवाही के कारण पहले भी कई मरीजों की जान जा चुकी है। इस पूरे मामले ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत उजागर कर दी है।

## रेत माफिया खदान छोड़कर भागे, न वाहन मिला न मशीन मिली

# रघुनाथपुरा रेत खदान पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विगत दिनों ग्राम रघुनाथपुरा में रेत खदान पर रेत माफिया द्वारा रेत निकालने की लगातार खबरें आने पर एसडीएम राघौगढ़ अमित सोनी द्वारा कार्रवाई करने हेतु टीम गठित की थी जिसके क्रम में राजस्व एवं पुलिस टीम ने रघुनाथपुरा रेत खदान पर छापामार कार्रवाई की जिसमें रेत माफिया नदारत मिले तथा रेत निकालने संबंधी कोई भी वाहन एवं मशीन नहीं पाई गई इसके पूर्व रात्रि में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मकसूदनगढ़ द्वारा छापामार कार्रवाई की गई थी तथा



राघौगढ़ एसडीएम और तहसीलदार मकसूदनगढ़ तथा खनिज विभाग द्वारा भी लगातार कार्रवाई की जा रही है । इसी तारतम्य में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के आदेश एवं राघोगढ़ एसडीएम श्री अमित कुमार सोनी के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा तहसीलदार डॉ. उदय सिंह नायब तहसीलदार, कमल सिंह कोली चौकी प्रभारी रवि भिलाला राजस्व निरीक्षक लल्लू सिंह भील पटवारी पवन भील तथा पुलिस टीम ने संयुक्त भ्रमण कर क्षेत्र में चल रही है अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की ।

जिसके दौरान ग्राम करौंदी के गिट्टी क्रेशर से एक डंपर गिट्टी ले जाते हुए उकावद से भोपाल रोड के पास माधोपुरा के समीप गिट्टी डंपर रोककर निरीक्षण करने पर पाया कि वाहन चालक भरत पटेल पुत्र रामप्रसाद पटेल निवासी राजाविलेरा तहसील व जिला सागर के वाहन क्रमांक एम पी 10 एच 4833 उसके पास गिट्टी की किसी प्रकार की कोई रॉयल्टी नहीं पाई गई। जिसको जप्त कर चौकी उकावद पर पंचनामा जब्तीनामा और सुपुर्दगीनामा तैयार कर चौकी में रखवाया गया। अग्रिम कार्रवाई हेतु खनिज विभाग को कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन लिखा गया। एसडीएम राघोगढ़ के मार्गदर्शन में लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। किसी भी प्रकार के अवैध उत्खनन परिवहन और भंडारण पाए जाने पर सख्त से सख्त शासन के नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त ढाडॉनया एवं विदौरिया पठार पर मिल रही शिकायतों के संबंध में भी रात्रिकालीन भ्रमण एवं कार्यवाही जारी रहेगी।

## समाचार संक्षेप

### सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करना प्रशासन की पहलः तहसील रोड चाचौड़ा पर नवीन निर्माण कार्य आरंभ



**चाचौड़ा।** नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज अंतर्गत तहसील रोड, चाचौड़ा पर लंबे समय से चली आ रही जर्जर स्थिति से अब राहत मिलने जा रही है। प्रशासन की पहल पर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सड़क के ऊँचे-नीचे होने व गड्ढों के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।शासकीय कार्यालय मार्ग पर राहत की उम्मीदतहसील रोड पर न्यायालय, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय, शिक्षा विभाग सहित अनेक प्रमुख शासकीय कार्यालय स्थित हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में आमजन के आने-जाने से यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, किंतु सड़क की बदहाल स्थिति जनअसुविधा का कारण बनी हुई थी।15 दिवस में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्यप्रशासन द्वारा नगर पालिका, जनप्रतिनिधियों एवं निजी एजेंसी के साथ समन्वय कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है। निरीक्षण के दौरान श्री रवि मालवीय, अनुभागीय अधिकारी (एसडीएम) चाचौड़ा ने बताया कि आगामी 15 दिनों में पेवर्स डामरीकरण, शोल्डर निर्माण व आवश्यक भराव कर सड़क का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। निर्माण पूर्ण होने के बाद नागरिकों को सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

### विशेष गीता स्वाध्याय आयोजित

**गुना।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा रविवार को दोपहर ग्यारह बजे भार्गव कालोनी स्थित नीलमणि गार्डन रोड पर श्रीमती मनोरमा भार्गव पत्नी स्व जगदीश प्रसाद भार्गव बटावदा वालों के यहां आयोजित किया गया है। जिसमें अध्याय दो के प्रथम ग्यारह श्लोकों का स्वाध्याय किया जायेगा। आयोजक ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मप्रेमियों से धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

### शासकीय महाविद्यालय आरोन में पर्यावरण मेले का आयोजन

**आरोन।** शासकीय महाविद्यालय आरोन में प्राचार्य सुश्री महाविद्या उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में एक भव्य पर्यावरण मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित करना था।मेले में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। “बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट” गतिविधि के अंतर्गत छात्रों ने प्लास्टिक की बोतलों, बेकार कागज़ और अन्य अनुपयोगी वस्तुओं से सुंदर एवं उपयोगी सामग्री तैयार की। इन वस्तुओं में सजावटी सामान, उपयोगी घरेलू सामग्री तथा आकर्षक कलाकृतियाँ शामिल थीं, जिनकी सभी ने सराहना की।इसके साथ ही विद्यार्थियों ने पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण विषय पर आधारित पेपर आर्ट के कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों के माध्यम से जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण और जैव विविधता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से समझाया गया। साथ ही पर्यावरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर गैर-कार्यशील मॉडल भी प्रदर्शित किए गए, जिनसे पर्यावरण संतुलन के महत्व को दर्शाया गया।कार्डबोर्ड से बनाए गए आकर्षक फोटो फ्रेम भी प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहे। विद्यार्थियों की कला, कल्पनाशीलता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

# गोद ग्राम सागर में एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने भी किया रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा बीनागंज द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर गोदग्राम सागर में आयोजित किया जा रहा है जिसमे पंचम दिवस की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में घर घर जाकर परियोजना कार्य किया गया। ‘आज के कार्यक्रम के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज की टीम द्वारा स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ आर के पुष्पक विशेष अतिथि डॉ अमित जायसवाल विशिष्ट अतिथि डॉ ज्योति मीना स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज की टीम में डॉ हेमंत गौड डॉ रिंकू निगवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर पी मीना द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात सरस्वती वंदना शिवानी नामदेव और रूपाली वंशकार द्वारा प्रस्तुत किया गया। सरस्वती गीत सानिया खान द्वारा गाया गया। स्वागत गीत ऋषिता राजपूत और सिमरन राजपूत द्वारा गाया गया। एन एस एस गीत छात्रा दीपा माली द्वारा प्रस्तुत किया गया। एन एस एस के नारे छात्र रवि साहू द्वारा लगवाए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ आर के पुष्पक ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्त को जैविक रूप से नहीं बनाया जा सकता इसका निर्माण मनुष्य के शरीर में प्राकृतिक रूप से ही होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में जिला गुना से ब्लड बैंक की टीम में लैब तकनीशियन धर्मेंद्र साहू एवं राहुल लववंशी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ और राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के स्वयंसेवकों द्वारा रक्तदान किया गया।

रक्तदान डॉ नवीन चौधरी अशोक प्रजापति धर्मेंद्र अहिरवार छात्रा रूपाली वंशकार छात्र तुषार अहिरवार गगन साहू आदि द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एन एस एस सह प्रभारी डॉ मंजू शर्मा डॉ रीतू राजपूत डॉ शैलेन्द्र परिहार डॉ धर्मवीर जाटव डॉ हरीश शर्मा प्रकाश चंद्र शर्मा रामनारायण साहू एवं एन एस एस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## बीनागंज स्थित चोपड़ा आश्रम में आयोजित श्री रामधुन कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

बीनागंज स्थित चोपड़ा आश्रम में आयोजित श्री रामधुन कार्यक्रम का समापन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। प्रातः स्मरणीय महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री अभिरामदास जी महाराज के सान्निध्य में श्री राम अर्चना का विशेष आयोजन रखा गया। श्रीरामार्चन के पूर्व में चौपड़ा आश्रम पर श्रीराम हरे राम हरे कृष्णा कृष्णा हरे हरे राम की संकीर्तन रामधुन साप्ताहिक रामधुन का आयोजन किया गया रामधुन के समापन पर श्री रार्माचन का संत-महात्माओं द्वारा विधि-विधान पूर्वक श्री राम नाम का संकीर्तन एवं रामार्चन की कथा गायन किया गया। संपूर्ण गृह परिसर में “जय श्री राम” के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक प्रभु श्रीराम की आराधना कर धर्मलाभ प्राप्त किया। भगवान को छप्पन भोग लगाया गया संतों केभण्डारे उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें लगभग बीस हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम के मुख्य आयोजक गोपाल मीना (मोईखेजड़ा वाले) रहे, जिनके नेतृत्व में समस्त व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुईं। समापन अवसर पर भगवान श्रीराम को छप्पन भोग अर्पित किए गए। 56 प्रकार के व्यंजनों से सुसज्जित भोग लगाकर प्रभु का पूजन किया गया, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की और आयोजन की सराहना की। संपूर्ण कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण बना।





## एसडीएम ने उपचार व जांच सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

एसडीएम ने इलाज कराने आए हितग्राहियों से चर्चा कर उपलब्ध उपचार सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में संचालित एक्स-रे कक्ष, टीबी कक्ष, रक्त परीक्षण कक्ष, नेत्र परीक्षण सहित अन्य डायग्नोसिस संबंधी सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। रोगियों को सुलभ सुविधाएं उपलब्ध कराना उद्देश्यनिरीक्षण का मुख्य उद्देश्य रोगियों को उपचार एवं जांच से जुड़ी सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना बताया गया। इस अवसर पर रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक शीघ्र आयोजित करने के निर्देश बीएमओ को दिए गए।निरीक्षण में स्वास्थ्य अमला रहा मौजूदऔचक निरीक्षण के दौरान आमजन, बीएमओ तथा स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहा। एसडीएम द्वारा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए गए।

# आरोन में ब्लॉक कांग्रेस का उग्र प्रदर्शनः पार्वती बाई अहिरवार ने दामोदर प्रसाद यादव को दी खुली चुनौती





हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

ब्लॉक कांग्रेस आरोन के तत्वाधान में 21 फरवरी 2026 को दास हनुमान मंदिर चौराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वतीबाई अहिरवार ने किया। उन्होंने दामोदर प्रसाद यादव को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे अगली बार राघोगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आते हैं तो सबसे पहले उनका सामना करना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि दामोदर प्रसाद यादव द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह (राजा साहब) एवं राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह (बाबा साहब) के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है, जिसे कांग्रेस परिवार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। दोपहर 3:00 बजे शुरू हुए विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता, पार्षद, एवं संगठन के कार्यकर्ता सहित शहरी एवं ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने दामोदर प्रसाद यादव का पुतला दहन कर जोरदार नारेबाजी की और मुर्दाबाद के नारे लगाए।इसके बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती बाई अहिरवार के नेतृत्व में समस्त संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए दामोदर प्रसाद यादव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।इस अवसर पर समस्त शहरी एवं ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ताओं अधिक संख्या में उपस्थित होकर विरोध दर्ज किया गया। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गर्म रहा और कांग्रेस नेताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन दिया है।

## प्रदर्शन कर उठाईं मांगें

# ढोल बैंड यूनियन ने सागर में हुई घटना को लेकर अशोकनगर में ज्ञापन सौंपा




**अशोकनगर।** ढोल बैण्ड यूनियन अशोकनगर ने सागर में 15 वर्षीय विवेक वंसल को गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना के विरोध में ज्ञापन सौंपा और पीड़ति परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। कुछ दिवस पूर्व सागर जिले में एक बारात कार्यक्रम के दौरान अत्यंत दुखद एवं निंदनीय घटना घटित हुई। जानकारी अनुसार ढोल बजा रहे लगभग 15 वर्षीय बालक विवेक बंसल को सोनी परिवार के कुछ व्यक्तियों द्वारा गोली मार दी गई, जिससे बालक को मार दिया गया/मृत (स्थिति अनुसार लिखें) हो गया। यह घटना न केवल अमानवीय है, बल्कि समाज में भय और आक्रोश का वातावरण भी उत्पन्न कर रही है। एक नाबालिग बच्चे पर इस प्रकार का जानलेवा हमला अत्यंत गंभीर अपराध है, जिसकी हम सभी कड़ी निंदा करते हैं।

### ढोल बैंड यूनियन की मांगें

1. आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।
2. प्रकरण में कठोर धाराओं के तहत निष्पक्ष एवं त्वरित कार्यवाही की जाए।
3. पीड़ति परिवार को उचित आर्थिक सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जाए।
4. भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।



## स्कूल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा चिन्हित किए जर्जर भवनों को गिराए जाने की कार्यवाही की जाए

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम झागर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान किचिन शेड की जर्जर हालत को देखकर मौके पर ही तोड़ने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कि जिले में जर्जर भवनों का चिन्हांकन हेतु अभियान चलाया जाए। साथ ही चिन्हित किये गये जर्जर भवनों को गिराये जाने की कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### अनुभाग ईसागढ़ अन्तर्गत अतिक्रमण हटाने दल गठित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ द्वारा अनुभाग ईसागढ़ अन्तर्गत अतिक्रमण हटाने हेतु दल गठित किया गया है। जारी आदेश के तहत तहसील ईसागढ़ के नगरीय क्षेत्र हेतु तहसीलदार ईसागढ़ (दल प्रभारी) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ईसगाढ़, संबंधित राजस्व निरीक्षक,संबंधित पटवारी दल के सदस्य होगें। इसी प्रकार तहसील ईसागढ़ के ग्रामीण क्षेत्र हेतु तहसीलदार ईसागढ़ (दल प्रभारी),नायब तहसीलदार वृत्त सारसखेड़ी /कदवाया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ़, संबंधित राजस्व निरीक्षक,संबंधित पटवारी/सचिव ग्राम पंचायत सदस्य होंगे।

### भगत विजय कुमार सिक्का ने कलेक्टर को आवेदन देकर श्री आनंदपुर ट्रस्ट के संबंध में उचित कार्यवाही की मांग की

**ईसागढ़।** श्री आनंदपुर ट्रस्ट के अंदर कलह इस तरह हावी हो गई है कि आए दिन नए नए कारनामे उजागर हो रहे है पूर्व कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा की गई कार्यवाही के बाद 21 दिसंबर 2025 को श्री आनंदपुर ट्रस्ट से दो प्रबंध न्यासियों ने अपना इस्तीफा दिया था जिसमें महात्मा शब्द विवेकानंद उर्फ सुरेन्द्र महात्मा और महात्मा विचार निर्लेप आनंद उर्फ सुनील महात्मा जिनका इस्तीफा श्री आनंदपुर द्वारा स्वीकृत कर उनको कार्यमुक्त कर दिया गया था लेकिन इनके इस्तीफे के बाद भी यह मामला अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इनके इस्तीफे के बाद महात्मा शब्द विवेकानंद उर्फ सुरेन्द्र महात्मा ने अपने सामान की सूची भेजकर मांग की है कि मेरा सामान वापिस दिया जाए। वहीं महात्मा निर्लेप आनंद उर्फ सुनील महात्मा वापिस आकर श्री आनंदपुर ट्रस्ट में सभी कार्यभार संभाले हुए हैं और कहता है कि मैने पूर्व कलेक्टर आदित्य सिंह का स्थानांतरण करा दिया है इस कारण श्री आनंदपुर ट्रस्ट के कोई भी व्यक्ति कुछ भी बोलने से डर रहे हैं सभी भयभीत हैं। इसलिए इस महात्मा पर सख्त कार्रवाई की जाए और वर्तमान में जितने भी ट्रस्टी है उन सभी की नियुक्ति खारिज कर प्रशासन चुनाव प्रक्रिया द्वारा ट्रस्टियों की नियुक्ति की जाए। जो प्रशासन की निगरानी में कार्य करे और दरबार की गरिमा भी बनी रहे। महात्मा निर्लेप आनंद उर्फ सुनील महात्मा का कहर इतना है कि पादशाही महाराज के साथ ही भ्रमण पर है फिर भी वह मौन धारण कर बैठे हुए हैं। आखिर क्या कारण है जिन महात्मा को कार्यमुक्त कर दिया गया इसके बाद भी वह अपने कार्यभार संभाले हुए हैं।

## तालबेट और ललितपुर के बीच हुआ रामबाग क्रिकेट स्टेडियम में मुकाबला



**अशोकनगर।** क्राफ्ट विलेज प्राणपुर के रामबाग स्टेडियम में आज तालबेहट और ललितपुर के बीच राजमाता विजय राजे सिंधिया की स्मृति में क्रिकेट का तीसरा मैच खेला गया। जिसमें तालबेट ने टॉस जीता और ललितपुर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ललितपुर टीम ने निर्धारित 14 ओवर में 135 रन बनाए जिसमें सबसे अधिक रन विवेक यादव ने 78 रनों की शानदार पारी खेली। जबाब में तालबेट की टीम खेलने को उतरी तो उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और मात्र निर्धारित 14 ओवर नहीं खेल सके नाज मोहम्मद द्वारा निर्धारित तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए जिन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैच के मुख्य अतिथि अशोक कुमार गुप्ता एवं एड. राघवेंद्र सिंह सेंगर कमेटी संरक्षक ने नमाज मोहम्मद को मैन ऑफ द मैच का खिताब प्रदान किया। जिसमें गोपाल सिंह यादव पूरनपुर राजकुमार कुशवाहा कपूर सिंह यादव चक्र जैन हनी सिंह यादव आदि शामिल थे।

## कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष ने अशोकनगर में की बैठक

# सेवादल कांग्रेस की रीढ़ की तरहः अवनीश




हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शनिवार को कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव अशोकनगर दौरे पर पधारे। जहां पर उन्होंने लव कुश धर्मशाला पर संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक ली।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवा दल की स्थापना 8 दिसंबर 1923 को डॉ. नारायण सुप्पाराव हार्डीकर ने की थी। मूल रूप से हिंदुस्तानी सेवा दल नाम से गठित, यह कांग्रेस का सबसे पुराना स्वयं सेवी संगठन है, जिसे 1947 में कांग्रेस सेवा दल का नाम दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अनुशासन और सेवा के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठित करना था। आज भी कांग्रेस सेवादल कांग्रेस पार्टी की रीड की हड्डी है। कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हमे निरंतर जन भावना एवं जनहित के साथ कार्य करना है और संगठन को मजबूत करना है। विधायक हरीबाबू राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता विषम परिस्थितियों में भी टिका हुआ है और निरंतर दमनकारी नीतियों का विरोध कर रहा है।

कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा ने बताया कि कांग्रेस में जो अभी है वह जमीनी कार्यकर्ता ही है यही लोग सत्ता को बदलने का काम करेंगे। इस बीच नवीन पदाधिकारी जिला संगठन महासचिव सचिन शर्मा, अशोकनगर ब्लॉक प्रभारी राजकुमार लोधी, सोशल मीडिया अशोकनगर विधानसभा अजय अहिरवार का स्वागत माल्यार्पण कर किया एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस बीच ग्वालियर संभाग सेवादल प्रभारी विजय जौहरी ,खादी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश नायक, नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा सुराणा, जसपाल यादव प्रदेश सचिव सेवादल, शालिग्राम पाटीदार बैरसिया प्रभारी सेवादल, अशोकनगर सेवादल प्रभारी नरेंद्र सोनकर ,वाहिद पटेल,सुधीर शर्मा, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष अमन शर्मा, सुरेश कुमार अहिरवार, रघुवीर सिंह लोधी, अकील खान,खिलन सिंह, यादव शिवचरण शर्मा, राम प्रकाश रघुवंशी , पवन पाल, प्रकाश सिंह रघुवंशी, सुरेश पाल, मुकेश लोधी, कमर सिंह लोधी,अजब सिंह कुशवाहा ,राजेंद्र ओझा आदि मौजूद थे।

### सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग में नियुक्ति की गई





**अशोकनगर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार विधायक जयवर्धन सिंह की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास द्वारा सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग में महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गई हैं। इस क्रम में अशोकनगर विधानसभा से विधानसभा अध्यक्ष अजय अहिरवार एवं चंदेरी विधानसभा से विधानसभा अध्यक्ष योगेंद्र रघुवंशी, संजय भाई कालाबाग को सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर अशोकनगर विधायक इंजी. हरिबाबू राय, जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह, प्रदेश महासचिव राव यादवेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक गोपाल सिंह, पज सेल, जिला अध्यक्ष अमन महाराज आदि ने बधाई दी।

### रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, छात्र छात्राओं द्वारा तैयार किए जाएंगे विज्ञान संबंधी मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

गुना रोड, बरखेड़ी स्थित संस्कार एकेडमी स्कूल में रविवार को भव्य साइंस एग्जीबिशन एवं रोबोटिक्स फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अपने अभिनव विचारों एवं रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से विभिन्न वैज्ञानिक प्रोजेक्ट तैयार किए हैं, जिनका प्रदर्शन किया जाएगा। संस्कार एकेडमी स्कूल जिले का पहला ऐसा विद्यालय है जहाँ विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रोबोटिक्स से संबंधित मॉडल एवं तकनीकी प्रदर्शन भी प्रस्तुत किए जाएंगे, जिससे आगंतुकों को नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त होगी। इस विशेष अवसर पर शहर के सभी गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। विद्यालय परिवार सभी अभिभावकों एवं नागरिकों से आग्रह करता है कि वे बच्चों के साथ उपस्थित होकर इस विज्ञान महोत्सव का आनंद लें तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करें।

खबर संक्षेप

## जिले में मारपीट के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा कलां निवासी कलाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू और प्रीतम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भौंरा निवासी महेन्द्र सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमरौद सिंगराना निवासी बृजेश जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 अज्ञात लोगों ने कलारी पर क्वार्टर लेने के दौरान उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से गोलू पुत्र कबूला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बृजेश जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## मुंगावली पुलिस में अवैध शराब प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कई प्रकरण दर्ज किए हैं। मुंगावली पुलिस ने तोरण आदिवासी ग्राम वीडसरकार के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार ग्राम तारई निवासी दर्शन और राजकुमार कटारिया के पास से 20 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने ही बरखाना निवासी जितेन्द्र यादव के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार जियाजीगढ़ निवासी चंदन बागडी के पास से पुलिस ने 10 लीटर और रामस्वरूप बागडी के पास से भी पुलिस द्वारा 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है।

## मकान बिक्री के लिए एग्रीमेन्ट कराया, 2 पर मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले की कोतवाली थाने की पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर मकान बिक्री के लिए एग्रीमेन्ट कराये जाने के बाद 2 लाख रूपए देन और 30 लाख रूपए आज दिनांक तक न देने पर पुलिस ने 2 आरोपियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। यह शिकायत प्रियंका शर्मा पत्नि धर्मेन्द्र शर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 20 शांतिनाथ मंदिर मार्ग द्वारा की गई थी। शिकायत में महिला ने कहा है कि उनका 15 वाय 40 फीट का 3 मंजिला मकान है जिसमें उनका परिवार निवास करता है। 2024 में उन्होंने वह मकान 32 लाख रूपए में बेचने की मौखिक चर्चा धमेन्द्र रघुवशी निवासी तुलसी सरोवर अशोकनगर और सुनील रघुवंशी निवासी मगराना थाना म्याना जिला गुना से की थी। सुनील रघुवंशी ने महिला के पति के मोबाइल नम्बर पर फोन पे के माध्यम से 2 लाख रूपए की राशि अलग अलग तारिखों में भेजी, जिसके बाद 8 जनवरी को दोनों आरोपियों ने महिला को रजिस्टार ऑफिस और तहसील में बुलवाया, जहां एग्रीमेन्ट कराया गया। एग्रीमेन्ट से पहले धर्मेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि बकाया राशि उनकी कार में रखी है, और रजिस्ट्रार के सामने पूरे पैसे देने की बात कही। एग्रीमेन्ट पूरा होने के बाद वह आश्वासन देते रहे। जब महिला और उसके पति ने बांकी के 30 लाख रूपए मांगे तो उन्होंने शिवपुरी जाने की बात कहकर टाल मटोल कर दी। पीड़िता का आरोप है कि दोनों ने मिलकर साजिश की है। मामला दर्ज किया है।

## होलाष्टक 24 से 03 मार्च तक, नहीं हो सकेगें मांगलिक कार्य।

अशोकनगर। 24 फरवरी से होलाष्टक प्रारंभ हो रहे हैं जो 3 मार्च तक चलेगें, 03 मार्च को होलिका दहन के साथ इनका समापन होगा। 8 दिनों तक कोई भी मांगलिक कार्य नहीं हो सकेगें, 3 मार्च को चन्द्रग्रहण हैं, इस ग्रहण की समाप्ति का समय शाम 6:47 बजे है। ग्रहण की समाप्ति के बाद ही होलिका दहन हो सकेगा। इस बार खगासचन्द्र ग्रहण रहेगा, इस दौरान विभिन्न ज्योतिष्यों का मत है कि इन 8 दिनों में नाकारात्मक ऊर्जा से बचने के लिए हवन पूजन आदि किया जाए। होलाष्टक 24 फरवरी से सुबह 7 बजकर 2 मिनट से प्रारंभ होगें और समापन 3 मार्च होलिका दहन से समाप्त होंगे।

### इस बार व्हीआईपी पार्किंग 3 भागों में बांटा, दो नए वैकल्पिक मार्ग भी बनाए

# करीला में 20 लाख लोगों की सुरक्षा दृष्टि से डेढ़ हजार जवान तैनात होंगे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के प्रसिद्ध करीला मेले के आयोजन में अब महज 15 दिन षेष रह गए हैं। ऐसे में तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। इस बार भी मेला को सफल बनाने के लिए पुलिस कमर कस कर मैदान में उतर गई है। मेले में ग्वालियर संभाग से करीब 1500 जवानों की तैनाती की जाएगी, जिनमें डीएसपी, टीआई, एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक, आरक्षकों के अलावा नगर सैनिक, ग्राम रक्षा समिति, होमगार्ड, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ सहित सषस्त्र पुलिस बल के जवान सम्मिलित रहेंगे।

विभाग द्वारा मेला आयोजन के लिए पिछले मेलों में काम कर चुके अनुभवी पुलिसकर्मियों की सूची भी बनाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार जिले सहित अन्य जिलों में पदस्थ ऐसे करीब सौ पुलिसकर्मियों को मेले में अहम जिम्मेदारी दी जाएगी, जिन्हे पिछले कई मेलों के आयोजन का अनुभव है। करीला बीट में लंबे समय तक पदस्थ रहे एक एएसआई तेज सिंह परिहार को भी मेला अवधि तक बहादुरपुर थाने में अटैच कर दिया गया है वहीं बहादुरपुर थाना प्रभारी रहकर दो बार मेला आयोजन करा चुके वर्तमान में मुंगावली थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद कछुवाह को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

### व्हीआईपी पार्किंग तीन भागों में बांटी गई

बताया गया है कि मंदिर के पीछे बनाई जाने वाली पार्किंग, जिसे अब तक व्हीआईपी पार्किंग कहा जाता था, पिछले मेलों में अत्यधिक वाहनों के दबाव को देखते हुए इस पार्किंग को तीन भागों में बांटा गया है। मंदिर के सबसे नजदीक व्हीव्हीआईपी पार्किंग होगी, जिसमें मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेष सरकार के मंत्रियों जैसी हस्तियों के लिए वाहन खड़े होंगे। इसके नीचे व्हीआईपी पार्किंग होगी, जिसमें सांसद, विधायक एवं अन्य बड़े जनप्रतिनिधियों और बड़े अधिकारियों के वाहन पार्क होंगे। इसके दांई ओर मेला आयोजन में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वाहन खड़े करने के लिए प्रषासनिक पार्किंग बनाई गई है।

### मेला परिसर में वाहनों का प्रवेश रोकने खोदे कंटूर ट्रेंच

पुलिस ने इस बार पंद्रह दिन पहले से ही मेला और मंदिर परिसर को चारों ओर से एक सुरक्षा घेरे में कैद करने का प्रयास षुरु कर दिया है। किसी भी दिषा से कोई भी वाहन बिना किसी निर्धारित मार्ग के मंदिर एवं मेला परिसर में प्रवेष न कर सके। इसके लिए पहाड़ियों के चारों ओर जेसीबी से नाली बनाई जा रही है और कंटूर ट्रेंच खोदे जा रहे हैं। बड़ी संख्या में स्टॉपर और बैरीकेड भी करीला पहुंच चुके हैं, जिन्हे प्रमुख मार्गों, मंदिर परिसर सहित अन्य स्थानों पर जमाया जा रहा है।

### जाम के इंतजाम के लिए दो नए वैकल्पिक मार्ग तैयार

मेले में आने वाले वाहनों को निर्धारित मार्ग पर जाम में फंसने के दौरान बाहर निकालने के लिए दो वैकल्पिक मार्ग तैयार किए गए हैं। जिनमें से एक मार्ग व्हीआईपी मार्ग से झूला सेक्टर के पीछे से होता हुआ बामौरी षाला तिराहा तक पहुंचेगा। वहीं एक मार्ग बामौरीषाला से लालमन चक्क, बगवा, गुपलिया होते हुए बंगला चैराहा तक पहुंचेगा। इन दोनों मार्गों पर एक महीने पहले से काम किया गया है। यह दोनों ही मार्ग लगभग पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं।

## यादव जी की लव स्टोरी विवादित फिल्म पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर यादव महासभा ने ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर


यादव जी की लव स्टोरी विवादित फ़िल्म पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर यादव महासभा ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस फिल्म का निर्माण ओम ठकुरानी प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। इस फिल्म के पोस्टर, ट्रेलर एवं सोशल मीडिया प्रचार सामग्री में यादव समाज की छवि को एक वर्ग विशेष के संदर्भ में जिस प्रकार प्रस्तुत किया गया है, उसने समाज की भावनाओं को गहराई से आहत किया है। यादव समाज सदैव राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में अग्रणी रहा है, ऐसे में यदि किसी माध्यम से समाज की गरिमा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता प्रतीत हो, तो स्वाभाविक रूप से व्यापक स्तर पर पीड़ा और रोष उत्पन्न होता है। वर्तमान परिस्थितियों में मध्यप्रदेश सहित समस्त देश के करोड़ों समाजजनों के हृदय में चिंता, असंतोष एवं रोष का वातावरण निर्मित हो रहा है। हमारा उद्देश्य किसी प्रकार का विवाद या टकराव उत्पन्न करना नहीं है, अपितु सामाजिक सौहार्द और पारस्परिक सम्मान की रक्षा करना है। जिसे लेकर ज्ञापन में मांग की गई है कि इस फ़िल्म के प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाकर इस विवादित फ़िल्म की निष्पक्ष एवं गहन जाँच सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही, इस अत्यंत संवेदनशील विषय को केन्द्रीय नेतृत्व के संज्ञान में लाकर व्यापक स्तर पर उचित निर्णय की पहल कर इस फिल्म पर राष्ट्रीय स्तर पर रोक लगाई जाए। ताकि किसी भी प्रकार की जातिगत भावनाएँ भड़कने से रोकी जा सके और सामाजिक समरसता अक्षुण्ण बनी रहे।

## 5वीं और 8वीं परीक्षा में निगरानी, अब तक 2 पेपर हुए

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। नईसरायं तहसील में 5वी व 8वीं के दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें हाई सेकेंडरी स्कूल और जीवाजी पब्लिक हाई स्कूल परीक्षा केंद्र मनाया गया है। परीक्षाओं को संपन्न कराने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में जीवाजी पब्लिक स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र का विकासखंड स्रोत समन्वयक बीआरसी राजकुमार रघुवंशी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

### सुचारू व्यवस्थाओं पर दिया जोर

निरीक्षण के दौरान बीआरसी राजकुमार रघुवंशी के साथ जनशिक्षक सीएसी अरुण कुमार रघुवंशी



भी उपस्थित रहे। जीवाजी पब्लिक हाई स्कूल में 335 छात्र-छात्राएं पांचवी आठवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं इसमें 174 बच्चे कक्षा 5 में और 161 बच्चे कक्षा 8 में परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होकर 28 फरवरी तक चलेंगी। आज गणित का पेपर कक्षा 5 और कक्षा 8 में था जिसमे अधिकारियों ने परीक्षा हॉल का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं की बैठक व्यवस्था और उपस्थिति पत्रकों की जांच की। इस दौरान केंद्र अध्यक्ष हरवेंद्र सिंह रघुवंशी ने अधिकारियों को केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने दिए दिशा-निर्देश बीआरसी ने केंद्र अध्यक्ष हरवेंद्र सिंह रघुवंशी एवं वहां तैनात पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा संपन्न कराई जाए। उन्होंने उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन और सीलिंग की प्रक्रिया को भी देखा और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं चाक-चैबंद हैं। केंद्र अध्यक्ष और उनकी टीम को निर्देशित किया गया है कि छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हो।

## रक्तदान को बढ़ावा व जागरुकता लाने ब्लड मॉटिवेशन कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन कराया जाता है। इसी क्रम में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने एवं आमजन में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य ब्लड मॉटिवेशन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को अग्रवाल पैलेस स्टेशन रोड़ अशोकनगर में किया गया।

कार्यक्रम में नियमित ब्लड कैम्प आयोजित कराने वाले समूह, ग्रुप, समाजसेवी जैसे-रेडकॉस सोसाईटी, पतंजली योग्यपीठ, एचडी.एफ.सी. बैंक, एस.बी.आई. बैंक, लाईस क्लब, रोटरी क्लब इत्यादि एवं प्रशासनिक व जनप्रतिनिधियों का सम्मान हेतु सादर आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में डी.एफ.ओ., प्रतिभा अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, ब्लड मॉटिवेशन हेतु पधारी डॉ अपराजिता तौमर पेथोलॉजिस्ट मेडिकल कॉलेज शिवपुरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अल्का त्रिवेदी द्वारा सम्मान स्वरूप मेडल पहनाकर ब्लड कैम्प आयोजनकर्ताओं का स्वागत व सम्मान किया। इसमें ब्लड मॉटिवेशन हेतु पधारी डॉ अपराजिता तौमर पेथोलॉजिस्ट मेडिकल कॉलेज शिवपुरी द्वारा ब्लड डॉनेशन करने से होने वाले फायदे की विस्तृत जानकारी दी। ब्लड की उपयोगिता को विस्तारपूर्वक केम्प आयोजनकर्ताओं के समक्ष रखा।

## मप्र जन अभियान परिषद चंदेरी के अंतर्गत चलने वाले बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू छात्रों ने किया शैक्षणिक अध्ययन भ्रमण



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद चंदेरी में बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू की अतिरिक्त कक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष ध्येय मंत्र एवं प्रेरणादाई गीत, राष्ट्रगान का गायन किया।क्लास का संचालन विकासखंड समन्वयक दीपक पटेरिया की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें क्लास के साथ साथ छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण कराया। छात्रों को सभी मेंटर्स के द्वारा अपने अपने विषयों का विषय बार अध्ययन करवाया गया। तत्पश्चात छात्रों को ऐतिहासिक नगर चंदेरी में स्थित देश विदेश भर में अपनी ख्याति लिए हैंडलूम पार्क का भ्रमण कराया गया। जिसमें छात्रों को चंदेरी साड़ी को बनाने की संपूर्ण तकनीकी से अवगत कराया एवं हैंडलूम पार्क में स्थित चंदेरी साड़ी की विभिन्न वेरायटी एवं उनकी कीमत के बारे में बताया गया। छात्रों को चंदेरी साड़ी के बिजनेस के लिए प्रेरित किया गया। इस बिजनेस को बड़े लेवल तक देश विदेश में तक कर सकते हैं। चंदेरी साड़ी की डिमांड सभी जगह बहुत हैं। उपस्थित बुनकरों ने बताया की हम एक दिन में 800-1000 हजार रुपए तक का काम कर लेते हैं और अपनी आजीविका अच्छे से चला लेते है। उन्होंने बताया की यह हमारे देश का सबसे बड़ा हैंडलूम पार्क है। जो की चंदेरी में स्थित है। यहां विदेशों से तक लोग आते है एवं देश विदेश कि यूनिवर्सिटी से भी छात्र यहां आकर अपना प्रोजेक्ट वर्क तैयार करते है। छात्रों ने भी चंदेरी साड़ी की तकनीकी को जाना समझा और अपना प्रोजेक्ट वर्क (असाइनमेंट) तैयार किया। चंदेरी साड़ी की समस्त बारीकियों का अध्ययन कराया। जिसमें छात्रों ने हथकरघा की विभिन्न मशीनों को अपने हाथ से चलाकर प्रैक्टिकल करवाया। कई सारे छात्रों ने चरखा को चलाया जो की हथकरघा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## न्यायालय में न्यायमूर्ति यादव ने पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन किया

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ग्वालियर के न्यायमूर्ति एवं जिला अशोकनगर के पोर्टफोलियो जज पुष्पेंद्र यादव द्वारा जिला न्यायालय परिसर अशोकनगर में पोस्ट ऑफिस का फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

उसके उपरांत अभिभाषक संघ अशोकनगर द्वारा न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र यादव प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा अशोकनगर कलेक्टर साकेत मालवीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा निर्देशक डाक सेवा भोपाल आर.एस रघुवंशी डाकघर गुना के अधीक्षक ओ.पी चतुर्वेदी का अभिभाषक संघ अशोकनगर के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एवं सचिव रामनिवास शर्मा द्वारा साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। जिसमें अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा सदस्य उमेश प्रताप सिंह यादव एवं मीडिया प्रभारी दुर्गेश जाटव को उत्कृष्ट कार्य के लिए न्यायमूर्ति द्वारा प्रशंसा पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव रामनिवास शर्मा द्वारा किया गया। जिसमें पोस्ट ऑफिस के अधिकारी गन कर्मचारी गण जिला न्यायालय अशोकनगर मुंगावली चंदेरी एवं ईसागढ़ के न्यायाधीश गण तथा कर्मचारी



गण ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया मीडिया प्रभारी दुर्गेश जाटव द्वारा कार्यक्रम को कवरेज किया गया।

### अशोकनगर में अब डाक घर की संख्या 4 हुई

जिला मुख्यालय पर अभी तक 3 डाकघर चल रहे थे जिला न्यायालय परिसर में एक नए डाक घर कार्यालय का शनिवार को शुभारंभ होने के बाद यह संख्या 4 पर पहुंच गई है। जिनमें एक प्रधान कार्यालय, दूसरा महावीर कॉलोनी स्थित कार्यालय, तीसरा कलेक्ट्रेट परिसर में और चैथा न्यायालय परिसर में यह डाक घर हो गया है। यहां पिछले काफी लंबे समय से डाक घर की कमी महसूस की जा रही थी, यह डाकघर उस कमी को पूरा करेगा। जिला न्यायालय में अभिभाषकों और पक्षकारों को डाक घर संबंधी जो समस्याएं आ रही थीं जिसे लेकर



उन्हें न्यायालय छोड़कर डाकघर कार्यालय तक जाना पड़ता था। अब यह सुविधा उन्हें एक ही स्थान पर प्राप्त होगी।

### प्रधान डाक घर के नए भवन को लोकार्पण का इंतजार

जिला मुख्यालय पर वर्ष 1903 में प्रारंभ हुए डाक घर ने 123 वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। यह प्रधान डाकघर एक ही स्थान पर वर्षो से अंग्रेजी हुकुमत के दौरान बनाए गए भवन से चलता आ रहा था उसके स्थान पर अब प्रधान डाकघर की नई इमारत बनाई गई है। इस भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है लेकिन लोकार्पण आज दिनांक तक नहीं हुआ है जिसके कारण यह डाकघर भवन निजी भवन में संचालित हो रहा है जो शहर से दूर है।

## डाक संभाग ने किया सुरक्षा से समृद्धि अभियान का आयोजन,उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मयोगियों का किया सम्मान

**अशोकनगर।** होटल अग्रवाल पैलेस में सुरक्षा से समृद्धि अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरएस रघुवंशी निदेशक डाक सेवाएं भोपाल रहे। गौरतलब हैं कि डाक विभाग की सबसे महत्वपूर्ण योजना डाक जीवन बीमा, इस योजना के तहत नागरिकों का जीवन बीमा किया जाता हैं इस बीमा में देश ने प्रचलित सभी बीमा योजनाओं से ज्यादा बोनस दिया हैं। इसी योजना के तहत गुना एवं अशोकनगर जिले के डाक कर्मियों ने दिनांक 20 फरवरी को सिर्फ एक दिन में दोनो जिलों के 600 से अधिक नागरिकों को लगभग 40 करोड़ का बीमा कर 82 लाख से अधिक का प्रीमियम अर्जित किया हैं, डाक घर अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी ने बताया कि मध्यप्रदेश के डाक संभाग के मुखिया विनीत माथुर मुख्य पोस्टमास्टर जनरल भोपाल के आदेशानुसार एवं निदेशक डाक सेवाएं आरएस रघुवंशी के मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाला गुना डाक संभाग मध्यप्रदेश का चैथा डाक संभाग बनकर, एक विशिष्ट पहचान बनाई हैं। मैदानी अमले की मेहनत एवं अधीक्षक डाकघर गुना के कुशल नेतृत्व का परिणाम, डाक सेवा जन सेवा के मूल मंत्र को चरितार्थ कर यह ऐतिहासिक कार्य हुआ हैं, कम प्रीमियम ओर अधिक सरकारी गारंटी बाला बोनस बाली यह योजना डाक विभाग के अटूट विश्वास के साथ आमजन लाभ उठा सकते हैं। कार्यकम के मुख्य अतिथि आरएस रघुवंशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, गुना डाक विभाग की सभी टीम को बधाई दी।

### विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद

# मतदाता संख्या 6 लाख 24 हजार 466 पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी कार्यक्रम के तहत जिले में मतदाता सूची को शुद्ध पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का संचालित की गई। एसआईआर के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतिम प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 की स्थिति में जिले में कुल 06 लाख 24 हजार 466 मतदाता है। जिसमें 02 लाख 96 हजार 843 महिला मतदाता, 03 लाख 27 हजार 613 पुरूष मतदाता तथा 10 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में कुल 02 लाख 14 हजार 695 मतदाता है, जिसमें 01 लाख 02 हजार 539 महिला मतदाता,01 लाख 12 हजार 151 पुरूष मतदाता तथा 05




थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है।विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी में कुल 01 लाख 96 हजार 569 मतदाता है,जिसमें 93 हजार 537 महिला मतदाता,01 लाख 03 हजार 28 पुरूष मतदाता तथा 04 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली में कुल 02 लाख 13 हजार 202 मतदाता है,जिसमें 01 लाख 767 महिला मतदाता,01 लाख 12 हजार 434 पुरूष मतदाता तथा 01 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। जिले में कुल 89 सेवा मतदाता शामिल है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 33,चंदेरी में 28 तथा विधानसभा मुंगावली में 28 सेवा मतदाता है।

**85 वर्ष से अधिक आयु के 2429 एवं 18-19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 12454 हुई :** जिले में 18-19 वर्ष के कुल 12454 मतदाता शामिल है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 3980,चंदेरी में 3721 तथा विधानसभा मुंगावली में 4753 सेवा मतदाता है। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 2429 मतदाता शामिल है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 893,चंदेरी में 711 तथा विधानसभा मुंगावली में 825 मतदाता है।

**जिले में कुल 8523 दिव्यांग मतदाता:** जिले में कुल 8523 दिव्यांग मतदाता है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 3087,चंदेरी में 2374 तथा विधानसभा मुंगावली में 3062 मतदाता है। जिले का ईपी रेश्यों कुल 58.03 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 60.45,चंदेरी में 55.55 तथा विधानसभा मुंगावली में 58.08 है। जिले का जेण्डर रेश्यों कुल 906 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 914,चंदेरी में 908 तथा विधानसभा मुंगावली में 896 है।

**जिले में कुल 843 मतदान केन्द्रः** कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 843 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 297,चंदेरी में 262 तथा विधानसभा मुंगावली में 284 मतदान केन्द्र शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची की विधानसभा वार प्रतियां प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 की स्थिति में जिले में कुल 06 लाख 16 हजार 76 मतदाता थे। जिसमें 02 लाख 93 हजार 87 महिला मतदाता,03 लाख 22 हजार 980 पुरूष मतदाता तथा 09 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल थे। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में कुल 02 लाख 12 हजार 339 मतदाता थे।

## पंजाबी महिला समिति ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत गुरुद्वारा साहिब में सफाई अभियान चलाया



**अशोकनगर।** पंजाबी महिला समिति द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत चैथे प्रोजेक्ट के रूप में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्री गुरुद्वारा साहिब में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस सेवा कार्य में समिति के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्री गुरुद्वारा साहिब मे साफ-सफाई की। गुरु घर की सेवा सबसे बड़ा सौभाग्य है,सेवा ही सच्ची श्रद्धा है। गुरु के दरबार में झुककर किया गया हर काम जीवन को सफल बनाता है। तन, मन और धन से गुरु घर की सेवा करना हमारा धर्म है। गुरु घर की सफाई और सेवा, आत्मा की शुद्धि का मार्ग है। सेवा से ही सच्ची श्रद्धा प्रकट होती है। गुरु घर में की गई छोटी से छोटी सेवा भी प्रभु तक पहुँचती है। समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने बताया कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य समाज में सेवा, समर्पण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। श्री गुरुद्वारा साहिब में सफाई सेवा के माध्यम से सदस्यों ने यह संदेश दिया कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। गुरु घर की सेवा में गायत्री अरोरा के साथ सचिन मीता सदाना, कोषाध्यक्ष सुषमा छाबड़ा, पवन ,अजिंदर, रोशनी, सोनू,कुसुम, रश्मि, प्रिया, नेहा, रिंकी, पूनम, प्रियंका सविता आदि अनेक सदस्यों ने बढ़- चढ़कर अपना सहयोग दिया।

अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन हुआ, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

# जिले भर में 14 हजार 140 दिव्यांग व 1 लाख 12 हजार 803 मतदाता सूची में सम्मिलित

**कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की अंतिम निर्वाचक नामावली के प्रकाशन की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिले में निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने की। बैठक में आयोग द्वारा जारी विभिन्न पत्रों के निर्देशों के क्रम में 21 फरवरी 2026 को अंतिम निर्वाचक नामावली के प्रकाशन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अंतिम निर्वाचक नामावली की एक-एक प्रति हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी (फोटो सहित) में उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने विशेष



गहन पुनरीक्षण 2026 की सफल क्रियान्विति में सहयोग प्रदान करने हेतु सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त करते हुए निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

### अधिकृत स्थानों पर अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली का कर सकते हैं अवलोकन

बैठक में बताया गया कि आमजन अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली का अवलोकन अपने संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय अथवा अधिकृत स्थानों पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त फोटो सहित अंतिम मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### अंतिम प्रकाशित सूची के अनुसार जिले में 14140 दिव्यांग मतदाता हैं दर्ज

जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 से 20 फरवरी 2026 तक प्राप्त दावों एवं आपत्तियों के निराकरण के उपरांत कुल 16,839 मतदाताओं के पंजीयन, 2,554 नामों के विलोपन तथा 7,504 प्रविष्टियों में संशोधन किए गए हैं। इस प्रकार आज की स्थिति में कुल 1,12,803 मतदाता सूची में सम्मिलित हैं। अंतिम प्रकाशित सूची के अनुसार जिले में कुल 14,140 दिव्यांग मतदाता दर्ज हैं। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अंतिम निर्वाचक नामावली की एक-एक प्रति हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी (फोटो सहित) में उपलब्ध कराई गई। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में सम्मिलित होने से वंचित रह गया हो तो वे निर्धारित प्रपत्र-6 के माध्यम से आवेदन करें। नाम विलोपन हेतु प्रपत्र-7 तथा प्रविष्टि में संशोधन हेतु प्रपत्र-8 का उपयोग किया जाए। विशेष रूप से ऐसे नागरिक जो 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उन्हें सूची में सम्मिलित कराने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया।

मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान हो गई मृत्यु

# हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पड़ाना गांव में पूर्व में हुई मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के बाद मामला गरमा गया है। रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के बैनर तले बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। ज्ञापन में मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने तथा आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी अनुसार 1 नवंबर 2025 को ग्राम पड़ाना निवासी निवासी कमल सिंह मरमट के साथ मारपीट की घटना हुई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी।

आरोप है कि घटना के बाद से आरोपी पक्ष द्वारा लगातार परिवार को धमकाया जा रहा था। घायल का इलाज इंदौर में चल रहा था, बाद में हालत बिगड़ने पर सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद लगभग 2 घंटे पीएम हाउस के बाहर परिजनों ने हंगामा किया। इस दौरान तहसीलदार आकाश शर्मा थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने समझाइश दी लेकिन नहीं माने, उसके बाद युवक के परिजन सहित संगठन के लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की है कि दर्ज प्रकरण में हत्या की धारा तथा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराएं जोड़ी जाएं और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उपचार में हुए खर्च की प्रतिपूर्ति, दोनों बच्चों को निःशुल्क उच्च शिक्षा, परिवार को कृषि योग्य भूमि आवंटन, एक सदस्य को शासकीय नौकरी तथा एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि परिवार ने इलाज के लिए निजी जमीन बेच दी थी, जिसे बहाल कराने की मांग की गई है। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

राजस्व और पुलिस टीम की दबिश, चालक वाहन छोड़कर फरार

# अवैध रेत परिवहन पर सख्ती, संयुक्त कार्रवाई में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सुठालिया क्षेत्र में लगातार जारी अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ शनिवार को प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए संयुक्त कार्रवाई की। राजस्व विभाग और पुलिस की टीम ने सीलखेड़ा के पास दबिश देकर अवैध रेत परिवहन करने तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों ने टीम को आते देख ट्रैक्टर मौके पर ही छोड़ दिए और फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर सुठालिया तहसीलदार दोजीराम अहिरवार के नेतृत्व में थाना प्रभारी अनिल राहोरिया एवं राजस्व-पुलिस बल मौके पर पहुंचा। टीम ने सिलखेड़ा मार्ग पर घेराबंदी कर रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली रोके और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। वैध अनुमति पत्र नहीं मिलने पर तीनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई।



क्षेत्र के सेमलापार गांव के पास पार्वती नदी में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें मिल रही हैं। बताया जा रहा है कि यहां पोकलेन मशीनों के माध्यम से बड़े पैमाने पर रेत निकाली जा रही है, जिससे नदी के प्राकृतिक स्वरूप को नुकसान पहुंच रहा है।

## दुकान के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद, युवक से मारपीट

**ब्यावरा।** शहर के नगरपालिका कॉम्प्लेक्स में गुरुवार सुबह दुकान के सामने मोटरसाइकिल खड़ी करने की बात पर विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी हरिओम वर्मा (32) निवासी मातामंड मोहल्ला ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि उसकी नगरपालिका कॉम्प्लेक्स में मोटरसाइकिल सीट कवर की दुकान है। उसके बगल में स्थित एक दुकान पर गोलू जाटव मोटरसाइकिल मैकेनिक का काम करता है। 20 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे गोलू जाटव ने अपनी मोटरसाइकिल हरिओम की दुकान के सामने खड़ी कर दी। इस पर हरिओम ने बाइक हटाने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि गोलू जाटव ने गाली-गलौज करते हुए हाथ में पहने कड़े से और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी, जिससे हरिओम के दाहिने कान के और सिर में चोट आई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कालीपीठ में जागरुकता चौपाल का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, युवा विकास मंडल संस्था के संयुक्त प्रयास से जिला प्रशासन द्वारा जिले के चार ब्लाक राजगढ़, खिलचीपुर, ब्यावरा व नरसिंहगढ़ के 80 गांवों में भ्रमण कर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनसंवाद के माध्यम से ग्रामीणजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं सामाजिक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई तथा सभी को बाल विवाह मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान के दौरान जिले में लगभग 4 हजार ग्रामीणजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें जागरूक किया गया, तत्पश्चात शनिवार को कालीपीठ में जागरूकता चौपाल का आयोजन कर बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं जागरूकता रथ अभियान का समापन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नागरिकों को बाल विवाह मुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई।



## झगड़ा-नातरा कुप्रथा से जुड़े प्रकरण में फरार दो आरोपित गिरफ्तार

**ब्यावरा।** जिले में झगड़ा-नातरा कुप्रथा से संबंधित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी के तहत सिटी थाना पुलिस ने झगड़ा-नातरा कुप्रथा के पंजीबद्ध एक प्रकरण के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी थाना ब्यावरा शहर वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया कि सिटी थाना की टीम ने पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष प्रयास किए गए, जिनमें महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस कार्रवाई में धारा 308(5), 324(4),351(3), 3(5) बीएनएस के फरार आरोपी भगवान सिंह गुर्जर पिता रोडजी गुर्जर उम्र 45 साल निवासी ग्राम सागोरिया थाना मृगवास जिला गुना, हरिराम गुर्जर पिता भगवान सिंह गुर्जर उम्र 25 साल निवासी ग्राम सागोरिया थाना मृगवास जिला गुना को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किए गए, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## मानसिक दिव्यांगजनों हेतु जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 25 को

**ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मानसिक दिव्यागजनों हेतु जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 25 फरवरी को प्रातः 10 बजे से जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र जिला चिकित्सालय परिसर राजगढ़ में किया जाएगा। शिविर में मानसिक दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड) बनाए जाएंगे, मानसिक दिव्यांगजनो को आवश्यक दस्तावेज जैसे - आधार कार्ड, समग्र आई डी, 2 पासपोर्ट साइज फोटों के साथ लाना है। उक्त विशेष शिविर में मानसिक दिव्यांगजनों को जिला स्तर पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड) जारी करवाए जा सके। साथ ही शिविर में अधिक से अधिक मानसिक दिव्यांगजन उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें और कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे। उक्त विशेष शिविर का आयोजन केवल मानसिक दिव्यागजनों हेतु ही किया जा रहा हैं। अतः शिविर में केवल मानसिक दिव्यांगजन ही उपस्थित हो अन्य दिव्यांगजन न आए जिससे उनको अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पहले बोवनी वाले गेहूं-चना में बारिश से नुकसान, किसान बोले क्वालिटी खराब होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेमौसम बारिश और तेज हवा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है, जिससे गेहूं और चना जैसी फसलों को नुकसान पहुंचा है। गुरुवार रात हल्की बूंदाबांदी हुई, वहीं गुरुवार रात मध्यम बारिश दर्ज की गई।

बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई है। दिन में भी लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते देखे गए। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से यह मौसमी बदलाव हुआ है। शुक्रवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे दोपहर तक सूरज नहीं निकला।

अधिकतम तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हालांकि, आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण लागू किया जाए : सुमन

**ब्यावरा।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण पर कोई रोक नहीं है और राज्य सरकार चाहे तो अंतरिम आदेश के अनुरूप इसे लागू कर सकती है। अब देरी का कोई बहाना नहीं बचा है। जब ओबीसी वर्ग की आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है और सेवाओं में उनका प्रतिनिधित्व केवल 13.8 प्रतिशत है, तो यह साफ तौर पर सामाजिक न्याय का गंभीर सवाल है। 2019 में कांग्रेस सरकार द्वारा लिए गए 27 प्रतिशत आरक्षण के निर्णय को वर्षों तक लागू न करना और हजारों पदों को होल्ड पर रखना लाखों युवाओं के अधिकारों से खिलवाड़ है। सुरेश सुमन पूर्व प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग ब्यावरा ने मध्य मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि राजनीति छोड़कर तुरंत 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करना चाहिए। समान अवसर और न्याय कोई कृपा नहीं, संवैधानिक अधिकार है। मेरा मुख्यमंत्री से निवेदन है कि वे तत्काल प्रभाव से 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कर ओबीसी वर्ग के बच्चों को न्याय दें।




## गोवंश खा रही दरबदर की ठोकर, गोसेवक कर रहे गोशाला के लिए भूमि की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छापीहेड़ा

नगर में गोशाला न होने के कारण गोवंश की दुर्दशा दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। सेवक तो बहुत हैं परंतु जब जब सेवकों ने शासन प्रशासन से गोशाला भूमि की मांग की है तब तब उनको आश्वासन ही मिला है। यह आश्वासन लंबे अंतराल से चलता ही आ रहा है। गोवंश को आवारा कुत्ते नोच नोच कर खा रहे हैं। ऐसी दुर्दशा गायों की इस समय हो रही है। गो सेवकों ने कुछ दिन पहले नगर परिषद कार्यालय के सामने मृत गोवंश को रखकर गोवंश के आशियाने के लिए भूमि आवंटित करने की मांग तथा गौशाला बने ऐसा प्रस्ताव रखा था परंतु फिर से उन गौ सेवाको को आश्वासन देकर बात को ठंडे बस्ते में डाल दिया कब होगी सुनवाई इन बेसहारा गोवंश के की कब मिलेगा इनको रहने का आशियाना जब जब चुनाव आते हैं तब तब गोवंश का मुद्दा प्रथम श्रेणी में आता है चुनाव में वोट मांगने के लिए बड़ी-बड़ी बातें कर वोट बटोर लेते हैं चुनाव में



रहते हैं कि हम गोवंश के लिए सबसे पहले प्रमुखता के साथ कार्य करेंगे सबसे पहले प्रथम गौशाला का निर्माण करेंगे कहां गई वह बड़ी-बड़ी बातें कुर्सी पर बैठने के बाद बातें हैं इन बातों का क्या ऐसी कहावत बन जाती है अब कौन मसीहा इन गोवंशों के लिए आशियाने की बात प्रमुखता के साथ रखें और शासन प्रशासन इस और ध्यान दें ताकि में भटकती गो वंश के लिए कोई एक आशियाना बना सके।

सामाजिक न्याय दिवस पर सशक्त वाहिनी की बालिकाओं को मार्गदर्शन मिला

# सशक्त वाहिनी की कक्षा में प्रधान मजिस्ट्रेट ने बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के महत्वपूर्ण सुझाव दिए




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस कण्ट्रोल रूम में संचालित सशक्त वाहिनी की कक्षा में एक विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधान मजिस्ट्रेट अपूर्वा पाठक ने उपस्थित होकर बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा न्यायिक सेवाओं की परीक्षाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बालिकाओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता अनिमेष तिवारी ने एलएलबी पाठ्यक्रम विधि शिक्षा के महत्व एवं न्यायिक क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बालिकाओं को विधि क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आवश्यक योग्यताओं एवं तैयारी की रूपरेखा समझाई। महिला एवं बाल विकास विभाग से संतोष रघुवंशी ने सशक्त वाहिनी की कक्षाओं की गतिविधियों, उद्देश्य एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सशक्त वाहिनी के माध्यम से बालिकाओं को शैक्षणिक मार्गदर्शन, व्यक्तित्व विकास एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और मार्गदर्शन का लाभ उठाया। यह आयोजन बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 14 मरीजों को राहत

**विदिशा।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से जिले के 14 गंभीर व जरूरतमंद मरीजों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कलेक्टर कार्यालय द्वारा स्वीकृत 10 हजार से 50 हजार रुपए तक की राशि ई-पेमेंट के माध्यम से सीधे संबंधित अस्पतालों के खातों में अंतरित की गई। यह सहायता आरोग्य निधि हॉस्पिटल भोपाल, बैरसिया जनरल हॉस्पिटल, अरेरा हॉस्पिटल एंड कैथ लैब सहित अन्य अस्पतालों में उपचाररत मरीजों को मिली। कोषालय से यूटीआर नंबर के जरिए पारदर्शी भुगतान किया गया।

### बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं पर मार्गदर्शन

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सशक्त वाहिनी कक्षा में मार्गदर्शन सत्र आयोजित हुआ।

## कलेक्टर गुप्ता ने आबकारी कार्यालय का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा


कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को जिला आबकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने राजसात वाहनों की स्थिति का जायजा लिया।

कलेक्टर ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को अवैध शराब परिवहन में राजसात वाहनों की शीघ्र नीलामी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभिलेखों को वर्षवार व्यवस्थित कर बस्ता बनाकर रखने और प्रत्येक बस्ते में सूची संलग्न करने को कहा। अलमारियों में रखे अभिलेखों व पंजियों की सूची बाहर चस्पा करने, सुरक्षा की दृष्टि से ताला लगाने तथा अनुपयोगी उपकरणों को राइट ऑफ करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कर्मचारियों के नाम, पदनाम व



मोबाइल नंबर सहित नेम प्लेट लगाने तथा अनुकंपा नियुक्त सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को निर्धारित समय में सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के निर्देश दिए।

### देवकीनंद ठाकुर 10 मार्च को विदिशा आएंगे



**विदिशा।** वृंदावन के संत देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज 10 मार्च को सुबह 9 बजे माधवगंज में आयोजित विराट धर्मसभा को संबोधित करेंगे। धर्मसभा के पश्चात बागेश्वर धाम सरकार के आशीर्वाद से अखंड हिंदू राष्ट्र और सनातन एकता के उद्घोष के साथ विदिशा से बालाजी धाम मेहगांव तक सनातन एकता यात्रा प्रारंभ होगी। आयोजक हिंद प्रहरी संगठन ने धर्मप्रेमी बंधुओं से धर्मसभा एवं पदयात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## ग्राम पंचायत लायरा में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**कुरवाई।** तहसील कुरवाई की ग्राम पंचायत लायरा में संकल्प से समाधान अंतर्गत राजस्व सेवा शिविर आयोजित हुआ। एसडीएम मनीष जैन के नेतृत्व में ग्रामीणों की नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, खसरा नकल, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, रास्ता विवाद व अतिक्रमण संबंधी समस्याएं सुनी गईं। मौके पर बी-1 वाचन और फार्मर रजिस्ट्री भी बनाई गई। बिजली बिल व ट्रांसफार्मर समस्याओं का निराकरण किया गया।